क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
सोमवार : 22.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियाचिन का दौरा किया। श्री सिंह ने विषम परिस्थितियों में वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ मातृभूमि की रक्षा के लिए सैनिकों के योगदान की सराहना की।

- राष्ट्रपति मुर्मू कल से दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर, सुरक्षा के किए गए कड़े बंदोबस्त।

- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने केदारनाथ धाम का दौरा कर पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

- आज विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गये।

राष्ट्रपति पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में पूर्व उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉक्टर पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण प्रदान किया। साथ ही डॉक्टर बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण दिया गया। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और गायिका ऊषा उथुप को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इनके अलावा समाजसेवी डॉक्टर सीताराम जिंदल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तेजस मधुसूदन पटेल और उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक को भी पद्म भूषण से नवाजा गया। देश में पद्म पुरस्कार सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं, जो तीन श्रेणियों – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किये जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है।

रक्षा मंत्री सियाचिन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सुरक्षा स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिए आज दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का दौरा किया। उन्होंने विषम मौसम और दुर्गम भूभागीय परिस्थितियों में तैनात सैनिकों से बातचीत की। रक्षा मंत्री ने सैनिकों को संबोधित करते हुए विषम परिस्थितियों में वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सशस्त्र बलों के जवानों का सदैव ऋणी रहेगा, क्योंकि उनके बलिदान के कारण हर नागरिक सुरक्षित महसूस करता है। श्री सिंह ने कहा उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा। सियाचिन को भारत की संप्रभुता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी है। उन्होंने ऑपरेशन मेघदूत की सफलता को भी याद करते हुए इसे देश के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया। इस दौरान उनके साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

## जीवाश्म की खोज

हरिद्वार के रूड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आई.आई.टी के शोधकर्ताओं को गुजरात से 47 मिलियन वर्ष पुराने प्राचीन विशाल सांप के जीवाश्म मिले हैं। आईआईटी रूड़की के पृथ्वी विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक प्रोफेसर सुनील बाजपेयी ने कहा कि उनकी टीम को 2005 में गुजरात के कच्छ में कोयले की खुदाई के दौरान निकले जीवाश्म मिले थे और 2023 में इस पर शोध शुरू किया। प्रोफेसर बाजपेयी का कहना है कि शोध में पता चला कि यह दुर्लभ प्रजाति के सांप का जीवाश्म है, जो करीब 47 मिलियन साल पुराना है। आकाशवाणी से बातचीत में उनहोंने बताया कि सांप की खासियत यह है कि यह दुनिया के सबसे बड़े सांपों में से एक है। उन्होंने कहा कि जब यह सांप जिंदा रहा होगा तो इसकी लंबाई करीब 15 मीटर और वजन करीब एक हजार किलोग्राम रहा होगा। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि भारत में सांपों का इतिहास बहुत पुराना है। वैज्ञानिकों ने इसे वासुकी नाम दिया है।

## कृषि मंत्री

कृषि और उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने सेब काश्तकारों की मधुमक्खियों के बॉक्स की समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए किसानों को तत्काल मधुमक्खियों के बॉक्स भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बॉक्स भेजने वाले किसानों के किराया बढ़ाने की मांग पर भी आवश्यक कार्रवाई को कहा है।

## राष्ट्रपति उत्तराखंड दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल से दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर रहेंगी। वे कल ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। समारोह में 5 सौ 98 छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी, जबकि टॉपर छात्र–छात्राओं को 14 स्वर्ण पदकों सहित कुल 16 पदकों से नवाजा जाएगा। राष्ट्रपति का ऋषिकेश के परमार्थ आश्रम के प्रतिनिधियों से मुलाकात और शाम को गंगा आरती में शामिल होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्रीमती मुर्मू 24 अप्रैल को देहरादून स्थित राजभवन में प्रस्तावित कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी। साथ ही वे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस बीच, राष्ट्रपति के उत्तराखंड दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

## मुख्य सचिव केदारनाथ दौरा

प्रदेश सरकार ने आगामी 10 मई से शुरू हो रही चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। केदारनाथ धाम में निर्माणधीन भवनों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को कार्यों में तेजी लाते हुए समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रीमती रतूड़ी ने निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामाग्री की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने को कहा।

इस बीच, मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों में जुटे मजदूरों व कर्मचारियों से बातचीत करते हुए उनका हालचाल जाना और उनका विशेष ध्यान रखने, उन्हें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार चारधाम यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।

## चारधाम यात्रा पंजीकरण

राज्य में चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जारी हैं। 16 अप्रैल से अब तक कुल 12 लाख 48 हजार 131 पंजीकरण हुए हैं। सर्वाधिक 4 लाख 22 हजार 129 पंजीकरण केदारनाथ धाम के लिए हुए हैं। वहीं, बद्रीनाथ के लिए 3 लाख 56 हजार 716, यमुनोत्री के लिए 2 लाख 19 हजार 619, गंगोत्री धाम के लिए 2 लाख 31 हजार 983 और हेमकुंड साहिब के लिए 17 हजार 684 पंजीकरण हुए हैं। गौरतलब है कि 10 मई को यमुनोत्री, गंगोत्री और बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे, जबकि 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट भी ग्रीष्मकालीन दर्शन के लिए खुलेंगे। वहीं, 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट भी खोले जाएंगे।

## पृथ्वी दिवस

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस बार का विषय है– प्लैनेट वर्सिज प्लास्टिक यानी पृथ्वी ग्रह के संरक्षण की दिशा में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने और इसके प्रकृति पर पडने वाले प्रभाव को दूर करना। पृथ्वी दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा 22 अप्रैल 1970 को घोषित किया गया था। जब कैलिफोर्निया के तट पर व्यापक मात्रा में तेल फैल गया था। इस दिन को मनाने का उद्देश्य पर्यावरण को होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पृथ्वी दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## अफीम खेती नष्ट

उत्तरकाशी पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने पुरोला में करीब डेढ़ नाली भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट कर चार भू–स्वामियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि जिले के दूर–दराज क्षेत्रों में प्रतिबंधित अवैध नशे की खेती की लगातार सूचनाएं मिलने पर यह कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि उत्तरकाशी पुलिस ने नशे को जड़ से समाप्त करने के लिये जिले में "उदयन" अभियान चलाया है। अभियान के तहत पुलिस नशे के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

## दुर्घटना

प्रदेश में आज दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मृत्यु हो गयी। राज्य आपदा परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार तड़के पिथौरागढ़ तहसील के जाग–पुरान–चमाली मोटर मार्ग पर अन्ड्राली गांव के पास एक वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से चार लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के शिकार लोग विवाह समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर जा रहे थे। उधर, रुद्रप्रयाग जिले में रतूड़ा–भुनका मोटर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु की खबर है।

## पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता

नई टिहरी की कोटी कॉलोनी में आज से चार दिवसीय राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता शुरू हो गई है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में देश के लगभग 15 राज्यों के 105 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि इस तरह के आयोजन से टिहरी झील को दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी।